प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 15.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री गणेश कुमार द्वारा संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

व0उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त भगवत यादव पुत्र चिरन्जीलाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक बोरी में 18 अदद पाउच 200 ML देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम चमर्रा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में उ0नि0 सतीश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में गठित हुई द्वितीय पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त भोला उर्फ कमलेश यादव पुत्र खेमचन्द्र यादव उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक बोरी में 19 अदद पाउच 200 ML देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम महोबकंठ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

उक्त अवैध शराब की बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 220/2024 व मु0अ0सं0 221/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

## गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण-

### प्रथम पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 सत्येन्द्र सिंह
2. उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित

### द्वितीय पुलिस टीम -

1. उ0नि0 सतीश कुमार शुक्ल
2. कां0 अजय कोरी






# महोबा पुलिस



## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 15.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 चेतराम मय हमराह हे0का0 बृजेन्द्र सिंह भदौरिया व का0 हरनाम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त जसवन्त सिंह पुत्र राम कुमार ठाकूर उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम नायक पुरा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर जिसके कब्जे से एक साफी में 14 अदद देशी शराब क्वार्टर मस्तीह ब्रान्ड नाजायज बरामद करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 180/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जसवन्त सिंह पुत्र राम कुमार ठाकूर उम्र करीब 50 वर्ष नि0 ग्राम नायक पुरा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 चेतराम
2. हे0का0 बृजेन्द्र सिंह भदौरिया
3. का0 हरनाम



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 16.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।





## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला बीट प्रणाली को प्रभावी बनाए जाने हेतु गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा गोष्ठी की गयी, महिला बीट प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिए आवश्यक निर्देश-



आज दिनांक- 16.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत जनपद महोबा में महिला बीट प्रणाली के पुनर्गठन एवं उसके सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गूगलमीट के माध्यम से समीक्षा गोष्ठी कर महिला बीट प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

महिला सुरक्षा से संबंधित सभी योजनाओं और कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि सभी थानाप्रभारी महिला पुलिसकर्मियों को बीट उपलब्ध कराएं जिससे वह अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से अवगत हों। इसके लिए थानाक्षेत्र में पड़ने वाले सभी स्कूल एवं कालेजों की सूची को अद्यावधिक किये जाने के भी निर्देश दिए हैं जिससे सभी विद्यालयों में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यशाला आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सशक्त एवं समृद्ध किया जा सके।

उन्होने पॉश कमिटी यानि यौन उत्पीडन रोकथाम समिति जिसका उपयोग कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन की रोकथाम हेतु किया जाता है, जिसके तहत आंतरिक समिति के गठन पर जोर दिया, जिसके क्रम में POSH कमिटी तथा थाना में तैनात महिला बीट पुलिस अधिकारियों के बीट क्षेत्र विवरण से सम्बन्धित एक-एक फ्लेक्सी बनाकर दृश्य स्थल पर लगाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

महिला सम्बन्धी शिकायतों से सम्बन्धित पीडिताओं की नियमित काउंसिलिंग हेतु निर्देशित किया कि महिला बीट पुलिसकर्मी द्वारा महिला बीट क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एवं थानो में स्थापित महिला हेल्प डेस्क से फोन कर उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में वार्ता करना, उनके अधिकारों से उन्हे जागरुक करें, मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत महिला सुरक्षा के प्रयासों को और मजबूत करने की दिशा में पुलिस विभाग की यह एक सराहनीय पहल है।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 16.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।








# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.12.2024

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 16.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

